# जीआरपी हरियाणा में 158 पदों पर भर्ती, पूर्व सैनिकों को मिलेगा मौका

## अंबाला में 17 से 19 अगस्त तक भर्ती रैली, 25 से 50 वर्ष आयु वाले पात्र

चंडीगढ़। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) हरियाणा ने 158 विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) पदों पर भर्ती के लिए सूचना जारी की है। भर्ती में सेना, नौसेना और वायुसेना के पूर्व सैनिकों के साथ-साथ सेवानिवृत्त एचएसआईएसएफ और एचएपी कांस्टेबलों को मौका दिया जाएगा।

भर्ती एक वर्ष के अनुबंध आधार पर होगी। भर्ती रैली राजकीय रेलवे पुलिस लाइन अंबाला शहर में आयोजित की जाएगी। अलग-अलग

### विशेष पुलिस अधिकारी के पदों पर होगी भर्ती

थाना क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के लिए तारीख निर्धारित की गई है। 17 अगस्त को कालका, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, जगाधरी, कुरुक्षेत्र और करनाल थानों के लिए भर्ती होगी।

18 अगस्त को पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम व 19 अगस्त को रेवाड़ी, रोहतक, बहादुरगढ़, जींद, हिसार और सिरसा थानों के लिए भर्ती रैली होगी। अभ्यर्थियों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 निर्धारित की गई है।

भर्ती के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह 8 बजे रखा गया है। आवेदन/भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों को 10+2 प्रमाणपत्र, डिस्चार्ज बुक, पहचान पत्र, चार फोटो और बैंक खाते का विवरण साथ लाना होगा। ब्यूरो

# जीआरपी में 158 एसपीओ की होगी भर्ती

**सोनीपत** | हरियाणा राजकीय रेलवे पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 158 विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। यह भर्ती पूरी तरह से एक वर्ष के अनुबंध के आधार पर की जाएगी।

अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली का आयोजन आगामी 17 से 19 अगस्त तक राजकीय रेलवे पुलिस लाइन, अम्बाला शहर में किया जाएगा। भर्ती होने वाले विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को मुख्य रूप से गश्त, स्टेशन परिसरों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों व लावारिस वस्तुओं की चेकिंग, भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कालका, चंडीगढ़, अम्बाला कैंट, जगाधरी, कुरुक्षेत्र और करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, रोहतक, बहादुरगढ़, जींद, हिसार और सिरसा पुलिस थानों के अभ्यर्थी इसमें भाग लेंगे। इसमें वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिनके पास पूर्व सैन्य या पुलिस बल का अनुभव हो। इसमें भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों के अलावा एक्स-एचएसआईएसएफ और हरियाणा सशस्त्र पुलिस के रिट्रेंच किए गए सिपाही ही आवेदन के पात्र होंगे। भर्ती रैली में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।